मेरठ की रूपल चौधरी ने वर्ल्ड एथलेटिक्स अंडर-20 में जीता कांस्य पदक

चर्चा में क्यों?

4 अगस्त, 2022 को कोलंबिया में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के मेरठ ज़िले की रूपल चौधरी ने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 51.85 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता।

//

प्रमुख बिंदु

- इसके साथ ही 17 वर्षीय रूपल चौधरी विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं।
- इससे पहले 2 अगस्त को रूपल ने चार गुणा 400 मीटर रिले में रजत पदक हासिल किया था। भारतीय टीम ने तीन मिनट 17.76 सेकेंड का समय लेकर एशियाई जूनियर रिकॉर्ड बनाया था। भारतीय टीम अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर रही थी।
- वर्ल्ड एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में 51.50 सेकेंड के साथ ग्रेट ब्रिटेन की येमी मेरी ने स्वर्ण पदक, जबकि 51.71 सेकेंड के साथ केन्या की दमारिस मुतुंगा ने रजत पदक जीता।
- रूपल चौधरी ने चैंपियनशिप में दो बार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पहली बार सेमीफाइनल में उन्होंने 52.27 सेकेंड का समय निकाला और फिर फाइनल में इस समय में सुधार करते हुए 51.85 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता।
- गौरतलब है कि इस साल के शुरू में रूपल ने राष्ट्रीय अंडर-20 फेडरेशन कप एथलेटिक्स चैंपियनशिप में खिताब की प्रबल दावेदार कर्नाटक की प्रिया मोहन को पीछे छोड़कर महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/roopal-chaudhary-won-bronze-medal-in-world-athletics-under-20